देवता आया तब कृष्ण बोले-अहो देवानुप्रिया ! मैं चहाताहुं मेरे छोटा भाई ॥ ३६ ॥ तब हरिण गमेषीदेव कृष्ण वासुदेव से यों बोला-हे देवानुप्रिया ! तुमारे देवलोक से चवकर सहोदर छोटा भाइ होवेगा परन्तु वह बाल भाव से मुक्त होकर योवन अवस्था प्राप्त होते अर्हन्त अरिष्टनेमी भगवान के पास मुण्डित होवेगा यावत् दीक्षालेवेगा, कृष्ण वासुदेव को दो वक्त तीन वक्त यों कहकर, जिस दिशा से आया था उसदिशा पीछा गया ॥ ३७ ॥ तब कृष्ण वासुदेव पौषध शाला से निकले, निकलकर जहां देवकी देवीथी तहा आये आकर देवकी देवीके पांव ग्रहण किये, पांव ग्रहणकर यों बोला हे माता मेरा सहोद छोटा भाइ होवेगा,

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

असासेति २ त्ता जामेवदिसं पाउब्भूए तामेव दिसं पडिगए ॥ ३८ ॥ ततेणं तस्स देवतिदेवी अणया कयाइं तंसितारिसयंसि जाव सीहसुमिणं पासित्ताणं पडिबुद्धा, जाव हट्ठ तुट्ठ जाव हियया, तंगब्भं सुहंसुहेणं परिवहति ॥ ३९ ॥ ततेणं से देवतीदेवी नवण्हंमासाणं जाव सुमणकुसुमरत्त, बंधुजीवतलखारस सरिसे, परिजात तरुण दिवाकरसमप्पभि, मव्वनयणकतं सुकुमालं जाव सुरूवं गयतालुयसमाणं दारयपयया ॥ ४० ॥ जमणं जहा मेहकुमारे, जाव जम्हणं अम्हंइमेदारत्ते गयतालूयसमाणे

अर्थ

ऐसाकर देवकी देवी को इष्टकारी प्रियकारी वचनकर संतोषी, संतोषकर जिस दिशा से आये थे उसदिशा पीछे गये ॥ ३८ ॥ तब वह देवकी को अन्यदा किसी वक्त पुन्यवन्त के शयन करने योग्य शैया में सूते हुवे सिंहका स्वप्न देखा, देखकर जागृत हुई यावत् हर्ष संतोष पाई हृदय विकसायमान हुवा, उस गर्भ को सुखे २ पालती हुई विचरने लगी ॥ ३९ ॥ तब वह देवकी देवी-नवमहीने यावत् प्रतिपूर्ण हुवे सुमन के फूल समान रक्त, बंधुजीव (वर्षाद में उत्पन्न होता है) वैसा रक्त, लाख के रस जैसा रक्त, परेवे (कबूतर) की आंखों जैसा रक्त, उदयपाते सूर्य जैसा प्रभावाला, सर्वकी आंखों को प्रियकारी, सुकुमार कोमलाङ्गी यावत् सुरूप हास्ति के तालु जैसा बालक को जन्मादिया ॥४०॥ जन्मोत्सव वगैर जैसा ज्ञाता सूत्र में मेघकुमार का कहा तैसा कहना यावत् हमारा यह बालक गज के तालुवे जैसा रक्त और सुकुमाल है इसलिये हमारे इस

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

तंहोउणं अम्हंएयस्स दारयस्स नामाधेज्जं गयसुकुमाले २ ॥४१॥ तत्तणं तस्स दारयस्स अम्मापियरो नामकयं गयसुकुमालोत्ति, सेसं जहामेहे, जाव अलंभोग समत्थे जातेयाविहोत्था ॥ ४२ ॥ तएणं बारवतिए णयरीए सोमिलनामे महाणपरिवसइ अड्डे, रिउवेयेय जाव सुपरिनिट्ठिएयावि होत्था ॥४३॥ तस्सणं सोमिलस्स महाणस्स सोमसिरिनाम माहणीहोत्था, सुकुमाला जाव सुरूवा ॥ ४४ ॥ तस्सणं सोमिलस्स धूया सोमसिरिएमाहणीए अत्तया सोमानामं दारिया होत्था, सुकुमाला जाव सुरूवा, रूवेणं जाव लवणेणं उक्किट्ठा उक्किट्ठसरीरायाविहोत्था ॥ ४५॥ तत्तणं सा सोमादारिया

अर्थ

बालक का नाम 'गजसुकुमाल' होवे॥४१॥ तब उस बालक के माता पिताने बालकका नाम स्थापन किया, 'गजसुकुमाल' ऐसा, शेष कथन जैसा मेघकुमार का कहा तैसा जानना यावत् संपूर्ण भोग भोगवने समर्थ हुवा ॥ ४२ ॥ तब द्वारका नगरी में सोमिल नाम का ब्राह्मण रहता था, वह ऋद्धिवन्त रिजुवेद आदि चारों वेद वगैरह ब्राह्मण के शास्त्र में निपुण था ॥ ४३ ॥ उस सोमिल ब्राह्मण के सोम श्री नाम की ब्राह्मणी स्त्री थी वह भी सुकुमाल और रूपावति थी ॥ ४४ ॥ उस सोमिल ब्राह्मण की पुत्री सोमश्री ब्राह्मणणी की आत्मज 'सोमा' नाम की पुत्री थी, वह भी सुकुमाल यावत् सुरूपवती थी, रूपकर यौवन कर लावण्यता कर उत्कृष्ट २ शोभायमान थी ॥ ४५ ॥ तब वह सोमा लडकी अन्यदा किसी वक्त स्नान

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

अन्नया कयाइ ण्हाया जाव विभूसिया वहुहिं क्खुज्जाहिं जाव परिखित्ता सयातो गिहाओ पडिनिक्खमइ २ त्ता जेणेव रायमग्गे तेणेव उवागच्छइ २ त्ता रायमग्गंसि कणगमइ डूसएणं किलमाणी २ चिट्ठति ॥ ४६ ॥ तेणं कालेणं तेणं समएणं अरहा अरिट्ठणेमी समोसड्ढे परिस्सा निग्गया ॥ ४७ ॥ ततेणं से कण्हवासुदेवं इमिसे कहा-एलद्दट्ठसमाणे ण्हाए जाव विभूसिते, गयसुकमालेणं कुमारेणं सार्द्धि हत्थि खंधवरगते; सकोरंट मल्लदामणं छत्तेणं धारिज्जमाणेणं, सेयवर चामराइ उधूव्वमाणेहि, वारवतिए

अर्थ

कर वस्त्र भूषण से भूषित हो बहुत खोजे यावत् परिवार से परिवारी हुई स्वयं के घर से निकली, निकलकर जहां राज्यपन्थ था तहां आई, आकर राज्यपन्थ में सुवर्ण की गेंद कर क्रीडा कररही थी ॥ ४६ ॥ उस काल उस समयमें अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथजी सहश्रम्बवागमें पधारे थें, उनको परिषदा वंदन करने गइ ॥ ४७ ॥ तब कृष्ण वासुदेव को इस प्रकार बधाइ मिलने से हृष्ट तुष्ट हुवे, स्नान क्रिया यावत् विभूषित होकर गजसुकुमाल कुमार के साथ हाथी पर बैठे कोरंट वृक्ष की माला का छत्र धराते हुवे श्वेत चमर दुलते हुवे द्वारका नगरी के मध्य २ में होकर आरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ के पांव वंदन करने जाते हुवे सोमा लडकी को देखी, देखकर सोमा लडकी के रूप यौवन लावण्यता में यावत् आश्चर्य प्राप्त हुवे ॥ ४७ ॥ तब कृष्ण वासुदेव कोटुम्बिक पुरुष को बोलाया, बोलाकर यों कहने लगे-जाओ तुम हे देवानुप्रिया!

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

णयरीए मज्झंमज्झेणं अरहतो अरिट्ठनेमिस्स पायवंदए निगच्छइमाणो सोमादारियं पासइ २ त्ता सोमाए दारियाए रूवेणय जोव्वणेणय लवणेणय जाव विम्हए ॥४८॥ तएणं कण्ह वासुदेवे कोडुंबिय पुरिसे सद्दावति २ त्ता एवं वयासी-गच्छहणं तुब्भे देवाणुप्पिय ! सोमिल महाणजायइत्ता, सोमादारियं गेण्ह २ कण्हंतेउरंसि पक्खिवह॥ ततेण एसा गजसुकुमालस्स कुमारस्स भारिया भविस्संति, ते कोडुंबिय जाव पक्खिवत्ति ॥ ४९ ॥ तएणं से कण्ह वासुदेवे वारवतिए णयरीए मज्झंमज्झेणं निग्गच्छइ २ त्ता जेणेव सयसंबवणे उज्जाणे जाव पज्जुवासंति ॥ ५० ॥ तत्तेणं अरहा अरिट्ठनेमी कण्हस्स वासुदेवस्स गयसुकुमालस्स तिसेय धम्म कहा ॥ ५१ ॥ कण्हे पडिगते

अर्थ

सोमिल ब्राह्मण से सोमालडकीकी याच नाकरो, सोमालडकी ग्रहणकर कुंवारे अन्तेपुर में स्थापन करो, तब फिर यह गजसुकुमाल कुमारके भारियापने होगी॥४८॥उस कुटम्बिक पुरसने उसही प्रकारसे सोमालडकी को कुंवारे अन्तेपुर में स्थापन की ॥ ४९ ॥ तब कृष्णवासुदेव द्वारका नगरी के मध्य मध्य में से निकलकर जहां सहश्रम्ब उध्यान जहां अरिष्टनेमी भगवान थे तहां आये यावत् सेवा भक्ति करने लगे ॥ ५० ॥ तब अर्हन्त अरिष्टनेमी नाथने कृष्ण वासुदेव को गजसुकुमाल को और उस महापरिषद को धर्म कथा सुनाई ॥ ५१ ॥ कृष्ण वासुदेव धर्म कथा श्रवण कर पीछे गये ॥ ५२ ॥ तब गजसुकुमाल कुमार

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

॥ ५२ ॥ ततेणं से गयसुकुमाले अरह अरिट्ठनेमी अंतियं धम्मं सोच्चा, जाव एवं वयासी-जंनवरं देवाणुप्पिया ! अम्मापियरो आपुच्छंति, जहा मेहो, महिलेयावज्जं,जाव वाढियकुले ॥५३॥ ततेणं कण्ह वासुदेवे इमीसे कहाए लद्धट्ठ समाण। जेणेव गयसुकुमाले तेणेव उवागच्छइ, २ त्ता गयसुकुमाले आलिंगति उछंगेनिवेसइ २ त्ता एवं वयासी तुम्हसिणं ममसहोदरे कणियस्सभाया तुम्हाणं देवाणुप्पिया ! इयाणी अरहतो भुण्डे जाव पव्वयाहि ॥ ५४ ॥ तहेणं तं गयसुकमालं कण्हवासुदेव अम्मा-पियरो जहे णो संचाइ बहुहिं विसयाणु लोमाहिय विसयपडिकुलाहिय अघवणाहिय

अर्थ

अर्हन्त अरिष्टनेमी भगवंत के पास धर्म श्रवनकर हर्ष तुष्टित हुवे वैराग्य उत्पन्न हुवा यावत् यों कहने लगे इतना विशेष अहो देवानुप्रिया ! मैं मेरे मात पिताको पूछकर आप के पास दीक्षा लेवूंगा, मेघकुमारकी तरह मात पिता को पूछ प्रश्नोत्तर हुवे (इन के स्त्रीयों नहीं जानना,) यावत् कुल वृद्धि कर दीक्षालेना ऐसा कहा ॥५३॥तब कृष्ण वासुदेव इस प्रकार समाचार सुनकर जहां [illegible]कुमालथा तहां आये,आकर गजसुकुमाल को आलिंगन दिया उठाकर गोद में बैठा ये, बैठाकर यों कहने लगे-तु मेरे एक ही सहोदर छोटा भाइ है, इसलिये अभी अर्हन्त अरिष्टनेमी भगवंत के पास दीक्षाधारन करना है॥५४॥तब उस गजसुकुमाल कुमारको कृष्णवासुदेव व उसके माता पिता बहुत विषयानुकुल वचनसे व विषय प्रतिकूल संयम के [illegible] वचन

सूत्र

जाव ताहे अकाम काइंचेव ॥ ५५ ॥ तहणं कण्हवासुदेव एवं वयासी-अहणं तुमे बारवतियणयरीए महता २ रायाभिसएणं अभिसिंचिसामी ॥ ५६ ॥ तएणंसे गजसुकुमालं अम्मापियरो एवं वयासी-इच्छामो तावजाया ! एगदिवसमवि रायसिरिं पासित्तए ॥ ५७ ॥ तएणं सेगयसुकमाले कण्हवासुदेवेणं अम्मापियरेणं मसुवमाणे तुसिणीए संचिट्ठइ ॥ ५८॥ तएणं से कण्हवा सुदेव कोडुंबिय पुरुष सद्दावेइ २त्ता एवं वयासी-खिप्पामेवभो देवाणुप्पिया ! गयसुकमालस्स महत्थं जाव रायाभिसेहं उवट्ठवेह ॥ ५९ ॥ तएणं से कोडुंबिय पुरिसे जाव उवट्ठवेइ ॥ ६० ॥ तएणं से गयसुकुमाल

अर्थ

सुनाकर समझाकर लोभाने समर्थ नहीं हुवे यावत् तब गजसुकुमाल को निष्कामी जाना ॥ ५५ ॥ तब कृष्ण वासुदेव ऐसा बोले-मैं तेरे को द्वारका नगरी के राज्य का महा राज्याभिषेक करदेना चहाताहूं ॥५६॥ तब गजसुकमाल के माता पिता यों बोले—हे पुत्र ! हम तुझे एक दिन भी राज्य लक्ष्मी भोगवता देखना चहाते हैं ॥ ५७ ॥ तब गजसुकुमाल कृष्ण वासुदेव का और अपने माता पिता का मन रखने के लिये मौनस्थ रहे ॥ ५८ ॥ तब कृष्ण वासुदेवने कोटुम्बिक पुरुष को बोलाया, बोलाकर यों कहने लगे— यों निश्चय. हे देवानुप्रिय ! शीघ्रता से गजसुकुमाल कुमर का महा अर्थवाला राज्याभिषेक करो ॥ ५९ ॥ कोटुम्बिक पुरुषने तैसा ही किया ॥ ६ ॥ गजसुकुमाल राजा हुवे महा हिमवंत पर्वत समान यावत् विचरने

१. हस्त लिखित प्रत में सम्बन्ध मिलता न आने से. यहां ज्ञाता सूत्रानुसार सूत्रार्था में कुछ फेरफार किया है.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

रायाजाए महया जाव विहरंति ॥ ६१ ॥ तएणं से गयसुकुमालंरायं अम्मापियरो एवं वयासी-भणजाया ! किं दलयामो? किं पयच्छामो? किं वातेहियइच्छिए? समत्थे? ॥ ६२ ॥ तएणं से गयसुकुमालस्स णिक्खमण जहा महाबलस्स णिक्खमणा तहा जाव समंति ॥ ६३ ॥ तएणं से गयसुकुमाल जाव अणगारेजाए इरियासमिए जाव गुत्तबंभयारी ॥ ६४ ॥ तएणं से गयसुकुमाले अणगारे जंचेव दिवसं पव्वइए तस्सेव दिवसस्स पव्वरण्हकालसमयंसि जेणेव अरहा अरिट्ठनेमी तेणेव उवागच्छइ २त्ता अरहं अरिट्ठनेमिस्स तिक्खुत्तो आयाहिणं पयाहिणं वंदति नमंसति एवं वयासी इच्छामिणं

अर्थ

लगे ॥ ६१ ॥ तब गजसुकुमाल राजा को उन के माता पिता हाथ जोडकर यों कहने लगे-कहो पुत्र ! क्या देवें ? क्या तुम चहाते हो ? क्या तुमारी इच्छा है ? तुम क्या करने समर्थ हो ? ॥ ६२ ॥ तब गजसुकुमालने तीन लाख द्रव्य श्री भंडार से ग्रहण करने का कहा यावत् दिक्षा उत्सव का कथन जैसे भगवती सूत्र में महाबल कुमर का कहा तैसा सब यहां जानना यावत् दीक्षा धारन की ॥ ६३ ॥ तब वह गजसुकुमाल अनगार हुवे यावत् ईर्यासमितीवंत गुप्त ब्रह्मचारी बने ॥ ६४ ॥ तब गजसुकुमाल अनगारने जिस दिन दीक्षा धारन की उस ही दिन मध्यान कालमें जहां अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ थे तहां आये, आकर अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ को तीन वक्त हाथ जोड प्रदक्षिणावर्त फिराकर वंदना नमस्कार कर यों कहने लगे—

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

भंते ! तुब्भेहिं अब्भणुण्णाय समाणे महाकालंसि सुसाणंसि एगराईयाइं महापडिमं उवसंपज्जित्ताणं विहिरित्तए ? अहासुहं देवाणुप्पिया ! मापडिबन्धं ॥ ६५ ॥ तत्तेणं से गयकुसुमाले अणगारे अरिट्ठनेमी अब्भणूणाते समाणे अरहा अरिट्ठणेमी वंदाति नमंसति वंदित्ता नमंसित्ता अरहातो अरिट्ठनेमी अंतियातो सहसंबवणाओ उज्जाणाओ पडिणिक्खमइ२त्ता जेणेव महाकालेसुसाणे तेणेव उवागच्छइ२त्ता थंडिलं पडिलेहंति उच्चारपासवणभूमिपडिलेहंति, इसि पब्भारगतेणं काएणं जाव दोवि पाएसाहट्टु एगराइय महापडिमं उवसंपजित्ताणं विहेरति॥६६॥ इमचणं सोमिलमाहणे सामिधयस्स

अर्थ

अहो भगवन् ! जो आपकी आज्ञा हो तो मैं चहाता हूं एक रात्रि की बारवी भिक्षुकी महाप्रतिमा अंगीकार कर विचरूं ? भगवंतने कहा—जैसे सुख होवे तैसे करो, प्रतिबन्ध मतकरो ॥ ६५ ॥ तब गजसुकुमाल आनगार अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ भगवान की आज्ञा प्राप्त होते, अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ को वंदना नमस्कार किया, वंदना नमस्कार कर अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ भगवान के पास से सहश्र वन उद्यान से निकले, निकलकर जहां महाकाल समशान था तहां आये, आकर जमीन की प्रतिलेखना की प्रतिलेखना कर, बडीनीत, लघुनीत की जगह की प्रतिलेखनाकी, फिर कुछ नमे हुवे शरीर से यावत् दोनों पांव एक स्थान (जिन मुद्रासे) समस्थापन कर एक रात्रि की भिक्षुकी (बारवी) प्रतिमा अंगीकार कर

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

अट्ठाए बारवतिनगरीओ बहिया पुव्वनिगच्छंति समिहातोय दब्भेय कुसुमेय पत्ते मोडच गिण्हइ २ त्ता तत्तोपडिनियत्ति २ त्ता महाकालस्स सुसाणस्स अदुरसामंतेणं वितिवयमाणं २ संज्झाकालसमयंसि पविरल मणुसंसि गयसुकुमालं अणगारं पासति २ त्ता तं वेरंसुमरत्ति २ असुरुत्ते ४ एवं वयासी-एसणं भोगयसुकुमाले-कुमारे, अपत्थियपत्थिया जाव परिवज्जिए, जेणं ममधूयं सोमासिरीए भारियाए अत्तया सोमादारिया अदिट्ठदोसो पत्तकं आलवत्तियं कालावत्तिणं विप्पजहित्ता मुण्डे जाव पव्वइए, तं सेयं खलु ममं गयसुकुमालस्स कुमारस्स वेरंणिज्जातेणं

अर्थ

विचरनेलगे॥८८॥ इसवक्त सोमिल ब्राह्मण उसके यज्ञ करने की सामग्री लिये द्वारका नगरी के बाहिर दीक्षा हुवे पहिले ही निकला था, वह काष्ट द्रोब पत्र वगैरह ग्रहणकिये, ग्रहणकर वहां से पीछा निकला, निकलकर महाकाल स्मशाण के पास होकर जाता हुवा संध्याकाल की वक्तमें थोडे—विरले मनुष्यों के गमना गमनकी वक्त गजसुकुमाल अनगार को देखे, देखकर पूर्व वैरका स्मरन हुवा, स्मरनकर आसुरक्त—कोपायमान हुवा मन मे यों कहने लगा—भो! यह गजसुकुमाल कुमर अप्रार्थिकका प्रार्थनेवाला यावत् लज्जा रहित, जिसने मेरी पुत्री सोमश्री की आत्मज सोमा का विना दोष देखे यौवन अवस्था को प्राप्त हुइ को विषय सुख भोगवने की वक्त उसे छोडकर मुण्डित हुवा यावत् दीक्षा ली. इस लिये श्रेय

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

करित्तत्ते. एवं संपेहेति २ त्ता दिसा पडिलेणं करेत्ति २ त्ता सरममट्टियं गिण-
हइ २ त्ता जेणेव गयसुकुमालअणगारे तेणेव उवागच्छइ २ त्ता गयसुकुमालस्स
अणगारस्स मत्थए मट्टियापालिं बंधइ २ त्ता जालियातो वियगातो फुलिय किसुय
समाणा खयरिंगीरे कभलेणं गिण्हइ २ त्ता गयसुकुमालस्स अणगारस्स मत्थए
पक्खिवित्ति २ त्ता भीये तत्थ तसिये ततो खिप्पामेव अवकमंत्ति २ त्ता जामेवदिसं पाउ-
ब्भूते तामेवदिसं पडिगते ॥ ६७ ॥ तत्तेणं से गयसुकुमालस्स अणगारस्स सरीरयंसि
वेदणा पाउब्भूया उज्जला जाव दुरहियासा ॥ ६८ ॥ तत्तेणं तस्स गयसुकुमाल

अर्थ

है मुझे मैं गजसुकुमाल कुमार से (मेरी पुत्रि का) वैर लवूं, ऐसा विचारा, ऐसा विचार कर चारोंदिशा में अवलोकन कर सरस पानी से भींनी हुइ तलाव के पाल की मट्टी ग्रहण की, ग्रहणकर जहां गजसुकुमाल अनगार था तहां आया, तहां आकर गजसुकुमाल अनगार के मस्तकपर मट्टी की पाल बन्धी, पाल बान्धकर अग्नि से प्रज्वलित अंगारे केसूंड(पलास)के फूल समान रक्तवर्ण खरके अंगारे ठीकरमें ग्रहण किये, ग्रहण कर के गजसुकुमाल अनगार के मस्तकपर स्थापन किये,स्थापन कर डरा,भय भीत हुवा, त्रास पाया, तहां से तत्काल निकलकर जिस दिशा से आया था उसदिशा पीछा (घर) गया ॥ ६७ ॥ तब गजसुकुमाल अनगारके शरीरमें महावेदना प्रगट हुई,वह वेदना अति उज्वल यावत् सहन करनी अतिकाठिनथी

सूत्र

अणगारे सोमिलस्स माहणस्स समणस्स आप्पदुसमाणे तं उज्जलं जाव अहियासेति ॥ ६९ ॥ ततेणं से गयसुकुमाले अणगारे तं उज्जलं जाव अहियासेमाणस्स सुभेणं परिणामेणं पसत्थेहिं अज्झवसाणेणं तदावरणिज्जा कम्माणं खएणं कम्मरयविकिरण करणेणं अपुव्वकरणं असुप्पविट्ठस्स अणंते असुत्तरे जाव केवलवरनाणदंसणे समुप्पन्ने, ततो पच्छासिद्धे जाव पहिणे ॥ ७० ॥ तत्थणं अहासणितेहिं देवेहिं सयं आराहिंत्ता तिकट्टु, दिव्वे सुरभिगंधोदए वुट्ठे, दसद्धवण्ण कुसुमे निवडिए चेलुक्खेवेकत्ते दिव्वेगाएगंधव्वतिनायकएयावि होत्था ॥७१॥ ततेणं से कण्हवासुदेवे कलं पाउब्भूए

अर्थ

॥ ६८ ॥ तब गजसुकुमाल अनगार सोमिल ब्राह्मन के ऊपर मन से भी किंचित द्वेष रहित रहे हुवे उस अतिउज्वल वेदना को सहन करने लगे ॥ ६९ ॥ तब गजसुकुमाल अनगार उस उज्वल वेदना को सहन करते हुवे शुभ परिणामकर प्रसस्त अध्यवसाय कर केवल ज्ञान के आभरण (पडल) भूत कर्मों क्षयकिये, कर्म रूपरज दूरकी, अपूर्व करन में प्रवेश किया अनन्त प्रधान यावत् केवल ज्ञान केवल दर्शन उत्पन्न हुवा, तब फिर सिद्ध हुवे यावत् सर्व दुःख रहित हुवे ॥ ७० ॥ तब तहां नजीक में रहे हुवे देवोंने गजसुकुपाल अनगार को सम्यक प्रकार मार्ग का आराधन कर संसार से पार हुवे जान दिव्य गंधोदक की बृष्टी की पांच वर्ण के फूलोंकी बृष्टीकी,वस्त्रोंकी बृष्टि की,दिव्य गंधर्व गीत गानका नाद करने लगे॥७१॥तब वे कृष

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

जाव जलंते ण्हाए जाव बिभूसित्ते हत्थिखंधवरगाए, सकोरंटमल्लदामेणं छत्तेणं धारिज्जमाणेणं, सेतवर चामरोहिं उधुव्वमाणाहिं २, महत्ताभडचडगपहकरवंद परिक्खित्तेणं वारवातिणगरं मज्झंमज्झेणं जेणेव अरहा अरिट्ठनेमी तेणेव पहारत्थमाणाए ॥ ७२ ॥ ततेणं से कण्हवासुदेवे वारवतीए णयरीए मज्झंमज्झेणं णिगच्छमाणा एगं पुरिसंपासति जुण्णं जरा जज्जरियदेहं जाव कलिय महया महालयाओ इट्टगरासिओ एगमेगं इट्टगं गहाए बहिया रथपहातो अंतोगिहं अणुप्पविसेमाणं पासइ २ त्ता ॥ ७३ ॥ तएणं से किण्ह वासुदेवे तस्स पुरिसस्स अणुकंप्पेणट्टाते हत्थिखंधवर-

अर्थ

वासुदेव प्रातःकालहुवे यावत् जाज्वल्यमान सूर्यप्रगट हुवे, स्नानक्रिया यावत् विभूषित हुवे, हस्ति के स्कन्धपर आरूढहो कोरंट वृक्षकी मालाका छत्र धराते हुवे, श्वेत चमरवींजाते हुवे महा चेटकों सुभटों पायदलों के वृन्द से परिवरे हुवे द्वारका नगरी के मध्य मध्य में हो अरिष्टनेमीनाथ के पास जाने को मार्ग क्रमण करने लगे ॥ ७२ ॥ तब कृष्ण वासुदेव द्वारका नगरी के मध्य मध्य में हो निकलते हुवे एक पुरुष को देखा, वह पुरुष शरीर कर जीर्ण हुवा, वयकर वृद्ध हुवा, जरजरित देहवाला वह एक महा जबर बडे विस्तार वाला इंटके ढग में से एकेक ईट उठकर, बाहिर राज्यपंथ से लेकर अन्दर अपने घर में रखना था, इस प्रकार उसे देखा, देखकर ॥ ७३ ॥ तब कृष्ण वासुदेव उस की अनुकम्पा-दया के लिये हस्ति के स्कन्ध

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

गतेचेव एगंइंट्टि गिण्हइ २ त्ता बहिया रत्थपहाओ अंतोगिहं अणुप्पाविस्सति ॥७४॥ तएणं से कण्ह वासुदेवेणं एगाइंट्टि गाहितेया समाणाते अणेगाहिपुरिसेहिं तंहिं रासि बहियारथा होता पहातो अंतोघरंसि अणुप्पविसिते ॥ ७५ ॥ तत्तेणं से कण्ह वासुदेवे वारवतिणयरीए मज्झंमज्झेणं णिगच्छइ, जेणेव अरहा अरिट्ठनेमी तेणेव उवागच्छइ २ जाव वंदिती नमंसति, वंदिता नमंसिता गयसुकुमाल अणगारं अप्पासमाणे अरहं अरिट्ठनेमी वंदिता नमंसिता एवं वयासी-कहणं भंते ! ममसहोदरे कणीया साभाय गयसुकुमालेअणगारे, जेणं अहंवदामि नमंसामि ?

अर्थ

पर रहे हुवे ही, एक इंट ग्रहण की, ग्रहण कर बाहिर राज्यपंथ से लेकर उसके घर में स्थापन की ॥७४॥ तब उन कृष्ण वासुदेवने एकइंट ग्रहण कियेबाद उनके पीछे अनेक गणपुरुष रहे हुवे थे उनोंने एकेक ईंट ग्रहणकर बाहिर राज्यपंथमे उठाकर अन्दरके घरमें स्थापनकी॥ ७५॥तब कृष्णवासुदेव द्वारका नगरी के मध्य में होकर जहां अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ थे तहां आये, आकर यावत् वंदना नमस्कार किया, वंदना नमस्कार कर गजसुकुमाल अनगार को नहीं देखते हुवे, अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ को वंदना नमस्कार कर यों कहने लगे—अहो भगवन् ! मेरा सहोदर छोटा भाइ गजसुकमाल अनगार, कहां है, ? जिन को मैं वंदना

सूत्र

॥ ७६ ॥ तत्तेणं अरहा अरिट्ठनेमी कण्हवासुदेवं एवं वयासी-साहितेणं कण्हा ! गयसुकुमालेणं अणगारेणं अप्पणो अट्ठो ॥७७॥ तएणं से कण्हवासुदेवे अरहा अरिट्ठनेमि एवं वयासी-कहण्हं भंते ! गयसुकुमालेणं अणगारेणं साहित्त अप्पणा अट्ठो? ॥७८॥ तत्तेणं से अरहा अरट्ठनेमी कण्हवासुदेवं एवं वयासी-एह खलु कण्हा ! गयसुकुमालेणं अणगारेणं ममकलपुव्वावरण्ह कालसमयंसि वंदंति नमसंति वंदित्ता नमसित्ता एवं वयासी-इच्छामि जाव उवसंपाज्जित्ताणं विहरंति । ततणं ते गयसुकुमालं अणगारे एगपुरिसे पासति २ त्ता जाव सिद्धे, ॥ ७९ ॥ त एव खलु कण्हा ! गयसुकुमालणं

अर्थ

नमस्कार करूं ॥ ७६ ॥ तब अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ कृष्ण वासुदेव से यों बोले—हे कृष्ण ! गजसुकुमाल अनगारने अपना अर्थ-कार्य पूर्ण किया ॥ ७७ ॥ तब कृष्ण वासुदेव अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ से यों बोले—अहो भगवन् ! किस प्रकार गजसुकुमाल अनगारने अपना अर्थ पूर्ण किया ? ॥ ७८ ॥ तब अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ कृष्ण वासुदेव से एसा बोले-यों निश्चय, हे कृष्ण ! गजसुकुमाल अनगार कल दो पहर के वक्त मझे वंदना नमस्कार किया, वंदना नमस्कार कर ऐसा बोले—अहो भगवन् ! मैं चहाता हूं यावत् एक दिन की भिक्षुक की प्रतिमा अङ्गीकार कर विचरना यावत् विचरने लगे. तब उन गजसुकुमाल अनगार को एक पुरुषने देखा देखकर यावत् साहाय दिया जिस से वे सिद्ध बुद्ध पारांगत

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

अणगारेणं साहिते अप्पणो अट्ठो ॥ ८० ॥ तत्तेणं से कण्हवासुदेवे अरहं अरिट्ठणेमी एवं वयासी-से केण भंते ! पुरिसे अपात्थिय पात्थिया जाव परिवज्जते, जेणं ममं सहोदरे काणियस्सभाए गयसुकुमाले अणगारे अकाले चेव जीवतातोव-वरोवेति ? ॥ ८१ ॥ तएणं से अरहा अरिट्ठनेमी कण्हवासुदेवेण एवं वयासी-कण्हा ! तुम तस्स पुरिसस्स पदोसए मावज्जाहि एवं खलु कण्हा ! गयसुकुमालस्स अणगारस्स साहिज्जेहिं ॥ ८२ ॥ कहेणं भंते ! से पुरिस गयसुकुमालस्स साहिज्जेदिणे ? ॥ ८३ ॥ तत्तेण अरहा अरिट्ठनामि कण्हवासुदेवं एवं वयासी-सेणूणं

अर्थ

हुवे. ॥ ७९ ॥ हे कृष्ण ! इस कारन मे निश्चय, गजसुकुमाल अनगारने अपना अर्थ पूर्ण किया ॥ ८० ॥ तब कृष्ण वासुदेव अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ से यों कहने लगे—अहो भगवन् ! वह पुरुष अप्रार्थिक का प्रार्थिक [मृत्यु का इच्छक] यावत् लज्जा रहित जिसने मेरा सहोदर छोटे भाई गजसुकुमाल अनगार को अकाल में जीवित रहित किये—मारे वह कौन है ? ॥ ८१ ॥ तब अर्हन्त अरिष्ट नेमीनाथ कृष्ण वासुदेव से यों कहने लगे—हे कृष्ण ! तुम उस पुरुष पर द्वेष भाव मत करो परंतु हे कृष्ण! यह पुरुषने तो गजसुकुमाल अनगार को साहायदेने वाला है ऐसा जानो॥८२॥ कृष्ण बोले—अहो भगवान्! किस प्रकार उस पुरुषने गजसुकुमाल अणगारको साहायदिया ? ॥८३॥ तब अर्हन्त अरिष्ट नेमीनाथ कृष्ण

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

कण्हा ! तुमं मम पाएवंदणं हव्वमागच्छमाणे वारवतिए णयरिए एगपुरिस तं पासति जाव अणुपवितिति, जहणं कण्हा ! तुम्ह तस्स पुरिसस्स साहज्जेदिणे, एवामेव कण्हा! तेणं पुरिसेणं गयसुकुमालस्स अणगारस्स अणेगभवसहस्स संचियं कम्मं उदीरमाणेणं बहुकम्म णिज्जरत्थं साहिज्जं दिण्णे ॥ ८४ ॥ तत्तेणं से कण्हवासुदेवे अरहं अरिठ-नेमिं एवं वयासी-सेणं भंते ! पुरिसे मएकहं जाणित्ते ? ॥ ८५ ॥ तत्तेणं अरहा अरिट्ठनेमी कण्हं वासुदेवं एवं वयासी-जणं कण्हे! तुमं वारवतिणयरीए अणुप्पवेसमाणे पासित्ता ट्ठितेचेव ट्ठितिभेदेणं कालं करिस्संति, तेणं तुमं जाणिसामी एसणं पुरिसे॥ ८६ ॥

अर्थ

वासुदेव से ऐसा बोले—यों निश्चय हे कृष्ण ! तुम मेरे पांव वंदन करने शीघ्र आते हुवे द्वारका नगरी में एक पुरुष को देखा, यावत् अनुकम्पा कर तुमने उस पुरुष को साहायदिया (ईंटों उठाकर घर मे धराकर उन के फेरे मिटाये) इस ही प्रकार हे कृष्ण ! उस पुरुषने गजसुकुमाल अनगार को अनेक सहश्रों भव में संचित किये हुवे कर्म की उदीरणा करके बहुत कर्मों की निर्जराकी भव भ्रमण मिटाया, यह साहायदिया ॥ ८४ ॥ तब कृष्ण वासुदेव अर्हन्त अरिष्ट नेमीनाथ से ऐसा बोले-अहो भगवान ! उस पुरुष को मैं किस प्रकारपेछानू?॥८५॥तब अर्हन्त अरिष्ट नेमीनाथ, कृष्ण वासुदेव से ऐसा बोले—हे कृष्ण ! जब तुम द्वारका नगरी में प्रवेश करोगे तब तुमको देखकर धस्काकर जमीनपर गिरपडेगा, स्थितिका भेद होने से कालपूर्ण

सूत्र

ततेणं कण्हवासुदेवे अरहा अरिट्ठनेमी वंदंतित्ता नमंसंति जेणेव अभिसेय हत्थिरयणे तेणेव उवागच्छइ २ हत्थिरयणं दुरूहइ २ त्ता जेणेव बारवतिनयरी जेणेव सएगिहे तेणेव पाहरेत्थगमणाए ॥ ८७ ॥ तएणं तस्स सोमिलस्स माहणस्स कलं जाव जलंते अयमेवरूवे अज्झत्थिए जाव समुपज्जित्थे—समुप्पने एवं खलु कण्ह वासुदेवे अरहा अरिट्ठणेमी पाए वंदए निग्गाए, तं णियमेयं अरहतो विणीयमेयं, अरहंतो सुयमेयं, अरहंतो सिद्धमेयं, अरहंतो भविस्सामि ते कण्हवासुदेवस्स तं ननिज्जातिणं कण्हवासुदेवे ममं केणइ कुनारेणं नारिसति त्तिकट्टु, भीता तत्था तसिया, सयातो

अर्थ

करेगा—मरजावेगा, उसी पुरुष को तुम जानना ॥ ८६ ॥ तब कृष्ण वासुदेव अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ को वंदना नमस्कार किया, वंदना नमस्कार कर जहां अभिशेष हस्ति रत्न था तहां आये, आकर हस्ति रत्न पर आरूढ हुवे, आरूढ होकर जहां द्वारका नगरी जहां स्वयं का घर वहां आने के पंथ में गमन करने लगे ॥ ८७ ॥ तब उस सोमिल ब्राह्मण को प्रातःकाल होने यावत् जाज्वल्यमान सूर्योदय होते इस प्रकार अध्यवसाय यावत् समुत्पन्न हुवा—यों निश्चय कृष्ण वासुदेव अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ भगवान के पांव वंदने को गए हैं तो निश्चय अरिहंत जानते हैं, अरिहंत सुनते हैं, अरिहंत के यह बात सिद्ध है, अरिहंत भविष्यज्ञ हैं, वे कृष्ण वासुदेव को कहेंगे तो, न जानू कृष्ण वासुदेव मुझे किस कुमृत्यु कर मारेंगे, ऐसा

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

गिहातो पडिणिक्खमइ २ त्ता कण्हवासुदेवे बारवतिए णयरिए अणुपविसमाणस्स पुरतोसपक्खिं सपडिदिसिं हव्वमागते ॥ ८८ ॥ तत्तेणं से सोमिले माहणे कण्हवासुदेवं सहस्सापहंसिम पासित्ता भित्ते ४ ठत्तएचेव ठिति भेदेणं कालं करेति धरणितलंसि सव्वंगाही धसति संनिवडिते ॥ ८९ ॥ तत्तेणं से कण्हवासुदेवे सोमिलमाहणस्स पासइ २ त्ता एवं वयासी-एसणं भोदेवाणुप्पिया ! सोमिलेमाहाणे अपत्थिय, पत्थिया आव परिवज्जिए, जेणेव मम सहोदर काणियभाया गयसुकुमाले अणगारे अकालेचेव जीवियाओ विवरोवेति, तिकट्टु सोमिलमाहणं पाणेहिं कड्ढावेति, से भूमीपाणएणं

अर्थ

विचार कर, भयभ्रान्त हुवा, त्रास पाया, अपने घर से निकला, निकलकर कृष्ण वासुदेव द्वारका नगरी में प्रवेश करते थे उनके सन्मुख सपक्ष खुल्ला आगया॥८८॥ तब सोमिल कृष्णवासुदेव को रास्ते में देखे, देखकर भयभ्रान्त हुवा, धेमाकर धस्कपडा ।स्थिति भेद हो काल किया सर्वांग से धरनी पर गिरपडा॥ ८९ ॥ तब कृष्ण वासुदेव सोमिल ब्राह्मण को देख ऐसा बोले—यही है. अहो देवानुप्रिय ! सोमिल ब्राह्मण अप्रार्थिक का प्रार्थिक यावत् लज्ज रहित, इसने ही मेरा सहोदर छोटा भाई गजसुकुमाल अनगार को अकाल में जीवित रहित किया ? ऐसा कहकर सोमिल ब्राह्मण के शरीर को चंडालों के पास घिसवाकर फेंकवा-

सूत्र

अभूक्खावेति २, जेणेव सएगिहे तेणेव उवागच्छइ २ त्ता सयंगेहे अणुपविट्ठे ॥ १० ॥ एवं खलु जंबु ! समणेणं भगवया महावीरेणं जाव संपत्तेणं अंतगड दसाणं तच्चस्स वग्गस्स अयमट्ठे पण्णते ॥ अट्ठमं ज्झयणं सम्मत्तं ॥ ३ ॥ ८ ॥ नवमस्स उवओ--एवं खलु जंबु ! तेणं कालेणं तेणं समएणं वारवतीय नयरीए जहा पढमसए जाव विहरति ॥ १ ॥ तत्थणं वारवतिए णयरिए बलदेवे नामं राया होत्था वण्णओ ॥ २ ॥ तस्सणं बलदेवस्सरन्नो धारणीनामं देवी होत्था वण्णओ ॥ ३ ॥ तएणं साधारणी सिह सुमिणे जहा गोयमे, णवरं सुमुहकुमारे, पण्णासं

अर्थ

दिया. उस भूमी को पानी का सींचन कराया, जहां अपना घर था तहां आये, आकर प्रवेश किया, रहने लगे ॥१०॥ यों निश्चय है जम्बु श्रमण भगवंत श्री महावीर स्वामी मोक्ष पधारे उनोंने अंतकृत दशांग का तीसरे वर्ग के आठवे अध्याय का यह अर्थ कहा. इति तीसरा वर्ग का आठवा अध्याय संपूर्ण ॥ ३ ॥ ८ ॥ नववा अध्याय---यों निश्चय. हे जम्बू ! उस काल उस समय में द्वारका नाम की नगरी थी, और सब अधिकार जैसा प्रथम गौतम कुमार का कहा तैसा सब यहां जानना, यावत् नेमीनाथ भगवान पधारे विचरने लगे ॥ १ ॥ उस द्वारका नगरी में बालदेव नाम के राजा थे, वर्णन् योग्य ॥ २ ॥ उन बलदेव राजा के धारणी नाम की राणी थी वर्णन् योग्य ॥ ३ ॥ तब धारिणी राणीने सिंह का स्वप्न देखा और

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

कण्णातो, पण्णसउदातो, चउद्दस्स पुव्वाइं आहिज्जति, वीसंवासाइं परियाइं पाउणित्ता, सेसं तंचेव जाव सेतुजय सिद्धा ॥ ४ ॥ निक्खेवओ-एवं दुमेहवी, कूवएवि, तिण्णावि बलदेवे धारिणीसूया ॥ ५ ॥ दारुएवी एवंचेव, णवरं वासुदेव धारिणीसूए ॥ ६ ॥ एवं अणाहिट्ठावि वासुदेव धारिणीसुते तहेव ॥ ७ ॥ एवं खलु जंबु ! समणेणं जाव संपत्तेणं अट्ठमस्स अंगस्स अंतगड दसाणं तच्चस वगस्स तेरस्स अज्झयणस्स अयमट्ठे पण्णत्ते ॥ इति तच्चवग्गस्स तेरे अज्झयणा सम्मत्तं॥९॥१३॥ तच्चवगो सम्मत्तो ॥३॥

अर्थ

सब कथन गौतम कुमार जैसा, जिस में इतना विशेष—सुमुख कुमार नामदिया, पांच सो कन्यापरनाइ, पांच सो दात दी, चौदह पूर्व का ज्ञान पढे, वीस वर्ष दीक्षा पाली, शेष तैसे ही यावत् शत्रुंजय पर सिद्ध हुवे॥४॥ निक्षेप—ऐसे ही दुमुख कुमार भी, कुवेर कुमार भी, तीनों बलदेव और धारणी के पुत्र ॥ ५ ॥ दारू कुमार भी ऐसे ही, विशेष में वासुदेव धरणी के पुत्र ॥ ६ ॥ ऐसे अनादृष्टी कुमार भी वासुदेव धारणी के पुत्र तैसे ही ॥ ७ ॥ यों निश्चय. हे जम्बू ! महावीर स्वामीने अंतगड के तीसरे वर्ग के तेरे अध्याय का यह अर्थ कहा ॥ ३ ॥ ९—१३ ॥ इति तीसरा वर्ग समाप्तम् ॥ ३ ॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

॥ चतुर्थ-वर्ग ॥

जतिणं भंते ! समणेणं जाव संपत्तेणं तच्चस्स वग्गस्स तेरस्स अज्झयणा पन्नत्ता, चउत्थस्स वग्गस्स अंतगडदसाणं समणेणं जाव संपत्तेणं कतिअज्झयणा पण्णत्ता ? एवं खलु जंबू ! समणेणं जाव संपत्तेणं चउत्थस्स वग्गस्स दस अज्झयणा पण्णत्ता, तंजहा-जालि, मयालि, उवयालि, पुरिससेणेय, वारिसेणेय, पज्जुणसेणेय, संवे, अनिरुद्धे, सच्चनेमीय, दढनेमेय, ॥ जइण भंते ! समणेणं जाव संपत्तेणं चउत्थस्स वग्गस्स दस अज्झयणा पण्णत्ता, पढमस्स अज्झयणस्स केअट्ठे पण्णत्ते ॥ एवं खलु जंबू !

अर्थ

यदि अहो भगवान ! श्रमण भगवंत श्री महावीर स्वामी यावत् मुक्तिगये उनोने तीसरे वर्ग के तेरे अध्यायन कहे, अंत कृत दशांग के चौथे वर्ग के कितने अध्यायक हे हैं ॥ ७ ॥ यों निश्चय हे जम्बू ! श्रमण यावत् मुक्ति पधारे उनोने चौथे वर्ग के दश अध्याय कहे, उन के नाम-१ जाली कुमरका, २ मयाली कुमर का ३ उव्वाली कुमर का, ४ पुरिससेन कुमर का, ५ वारिषेन कुमार का, ६पद्युन कुमारका, ७सांव कुमारका, ८ अनिरुद्ध कुमार का, ९ सत्यनेमी कुमरका और १० दृढनेमी कुमरका ॥ यदि अहो भगवान् श्रमण यावत् मुक्ति प्राप्त हुवे उनोने चउथे वर्ग के दश अध्याय कहे, तो प्रथम अध्याय का क्या अर्थ कहा ? ॥ यों निश्चय हे जम्बू ! उसकाल उस समय में द्वारका नगरी, इसका कथन प्रथम गौतम कुमर के अध्ययन जैसा यावत् कृष्ण

सूत्र

तेणं कालेणं तेणं समएणं बारवत्ती ; णयरीए. सेसे जहा पढमे, जाव कण्हवासुदेवे. आहेवच्चं जाव विहरति ॥ तत्थणं बारवत्तीए णयरीए वसुदेवेराया धारणीदेवी वणवो, जहा गोयमे नवरं जालिकुमारे, पणासातोदाओ, बारसंगी, सोलसवासा परियापालइ, सेसं जहा गोयमस्स, जाव सतुंजे सिद्धे ॥ एवं मयालिओ, उवयालिओ, एवं पुरिससेणय, एवं वारिसेणय, एवं पज्जुणे, नवरं कण्हसेपिता, रुप्पिणेसेमाता । एवं संबेवि, णवरं कण्हसेपिता, जंबूवातिमाया । एवं अनिरुद्धेवि, णवरं पज्जणेपिता, वेदरब्भीमाया । एवं सच्चनिमिवि णवरं समुद्दविजयपिता सिवामाया, एवं दढनेमिवि ॥ सव्व गमोएगचेव ॥ इति चउत्थस्स वग्गस्स दसज्झयणा ॥४॥१०॥ चउत्थो वग्गोसमत्तो॥४॥

अर्थ

वासुदेव राजाराज करते विचरते थे॥२॥तहां द्वारका नगरीमें वसुदेव राजा धारणीराणी रहते थे. जैसे गौतम कुमार हुवा तैसे ही जाली कुमार हुवा यावत् शत्रुंजयपर सिद्ध हुवा ॥ ३ ॥ ऐसे ही मयाली कुमार हुवा ऐसे ही.उवजाली कुमार का भी,ऐसे पुरिषसेन कुमरका भी, ऐसेही वारीसेन कुमारका भी.॥ ऐसे ही पद्युकुमार का जिस में इतना विशेष-कृष्णजी पिता, रुकमनी माता ॥ ऐसे सांब कुमर का भी जिस में इतना विशेष कृष्णपिता जाम्बुवती माता. ॥ ऐसे ही अनिरूद्ध कुमारका भी विशेष में प्रद्युम्न कुमार पिता,वेदर भी माता ॥ऐसेही सत्यनेमी कुमारका विशेष में—समुद्र विजय पिता, शिवादेवी माता और ऐसे ही दढनेमी कुमारका भी, सब का एक सरिखा अधिकार जानना ॥ इति चौथे वर्ग के तेरे अध्ययन और चौथा वर्ग समाप्त ॥ ४ ॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

॥ पञ्चम-वर्ग ॥

सूत्र

जइणं भंते! समणेणं जाव संपत्तेणं चउत्थस्स वग्गस्स अयमट्ठे पण्णत्ते, पंचमस्सणं भंते वग्गस्स अंतगडदसाणं समणेणं जाव संपत्तेणं के अट्ठे पण्णत्ते ? ॥ १ ॥ एवं खलु जंबु! समणेणं जाव संपत्तेणं पंचमस्स वग्गस्स दस अज्झयणं पण्णत्ता तंजहा पउमावइ, गोरी, गंधारी, लक्खमणा, सुसीमाए, जंबूवती, सच्चभामा, रुप्पणी, मूलसिरी, मूलदत्तावि ॥ २ ॥ जइणं भंते! समणेणं जाव संपत्तेणं पंचमस्स वग्गस्स दस अज्झयणा पण्णत्ता, पढमस्सणं भंते! अज्झयणस्स के अट्ठे पण्णत्ते ? ॥ ३ ॥

अर्थ

यदि अहो भगवान! श्रमण भगवंत श्री महावीर स्वामीजी मोक्ष पधारे उनोने चउथा वर्ग का उक्त अर्थ कहा, अहो भगवान! अंतग उदाशा के पंचवे वर्ग का क्या अर्थ कहा है! ॥१॥ यों निश्चय हे जम्बु! श्रमण यावत् मुक्ति पधारे उनोने पांचवे वर्ग के दश अध्यायन कहे हैं, उन के नाम १ पद्मावतिरानीका २ गोरीरानीका ३ गंधारीरानी का, ४ लक्ष्मनारानी का, ५ सुसमारानी का, ६ जम्बुवतिरानी का, ७ सत्यभामारानी का, ८ रुक्मिनी रानीका (यह ८ कृष्णजीकी अग्रमेहषी) ९ मूलश्रीरानीका, और १० मूलदत्तारानीका ॥२॥ यदि अहो भगवान! श्रमण यावत् मुक्ति पधारे उनोने पांचवे वर्ग के दश अध्ययन कहे हैं, तो अहो भगवान! प्रथम अध्याय का क्या अर्थ कहा है? ॥ ३ ॥ हे जम्बु! उस काल उस समय में द्वारका नगरी, इस का

सूत्र

एवं खलु जंबु ! तेणं कालेणं तेणं समएणं वारवतिए नयरीए जहा पढमेए जाव कण्हवासुदेवे अहे बच्चं जाव विहराति ॥ ४ ॥ तस्स कण्हवासुदेवस्स पउमवति नामं देवी होत्था वण्णओ ॥ ५ ॥ तेणं कालेणं तेणं समएणं अरहा अरिट्ठनेमी जाव समोसढे जाव विहरति ॥ ७ ॥ कण्ह निग्गते जाव पज्जुवासति ॥ ७ ॥ तत्तेणं सा पउमावति देवी इमीसेकहा लद्धट्ठसमाणा हट्ठे जहादेवइ जाव पज्जुवासंति ॥ ८ ॥ तएणं अरहा अरट्ठनेमी कण्ह वासुदेवस्स पउमावइए देवीए जाव धम्मकहाए परिसा पडिगया ॥ ९ ॥ तएणं से कण्हे अरहा अरिट्ठनेमी वंदइ नमंसइ, वंदित्ता

अर्थ

वर्णन प्रथम अध्याय के जैसा जानना यावत् कृष्ण वासुदेव अधिपति पना करते विचरते थे ॥ ४ ॥ उन कृष्ण वासुदेव के पद्मावती नामकी रानी थी वर्णन योग्य ॥ ५ ॥ उस काल उस समय में अरिहंत अरिष्ठ नेमनाथी यावत् यावत् पधारे यावत् विचरने लगे ॥६॥ कृष्ण वासुदेव और परिषद् वंदने आई यावत् सेवा भक्ति करने लगी॥७॥तब पद्मावती रानी को यह कथा प्राप्त होने से हृष्ट तुष्ट हुई जिसप्रकार देवकी रानी वंदनेगई तैसे यह भी यावत् सेवा करने लगी॥८॥अर्हंत अरिष्टनेयी कृष्णवासुदेव पद्मावती को यावत् धर्म कथा सुनाई परिषदा पीछी गई ॥ ९ ॥ तब कृष्ण वासुदेव अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ भगवान को वंदना नमस्कार

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

नमंसित्ता एवं वयासी इमीसेणं भंते ! बारवतिए णयरीए णवजोयणं विच्छिन्ना जाव पच्चक्खदेवलोक भूताए किं मूलाए विणीसे भवस्सइ ॥ १० ॥ कण्हाइ अरहा अरिट्ठनेमी कण्हवासुदेवं एवं वयासी-एवं खलु कण्हा ! इमीसे बारवतिएनयरीए नव-जोयण विच्छिन्ना जाव देवलोकभूयाए सूयग्गी दीवायणमूला ते विणासे भविस्सइ ॥ ११ ॥ कण्हवासुदेवस्स अरहा अरिट्ठनेमीस्स अंतिए एयमट्ठंसोच्चा निसम्म अयं अज्झत्थिए जाव समुप्पन्ने-धन्नेणंते जाली, मयाली, उवयाली, पुरिससेण, वारीसेण, पज्जुण, संब, अनिरुद्धे, सच्चनेमी, दढनेमी पभत्तीओ कुमारा जेणं चिच्चाहिरणं जाव

अर्थ

करके यों पूछने लगे—अहो भगवन् ! द्वारका नगरी नव योजन की चौडी यावत् प्रत्यक्ष देवलोक जैसी इस का किस कारन से विनाश होवेगा ? ॥ १० ॥ कृष्णादि, आरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ कृष्ण वासुदेव से यों बोले—यों निश्चय, हे कृष्ण ! यह द्वारका नगरी नव योजन की चौडी यावत् देवलोक जैसी अग्नि कुमार देवता दीपायरूषी मरकर होगा उस के योग्य से इस का विनाश होगा ॥ ११ ॥ कृष्ण वासुदेव अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ भगवन्त के मुख से उक्त अर्थ श्रवण कर इस प्रकार विचार करने लगे—धन्य है जाली. मयाली, उज्वाली, पुरिषसेन, बारीसेन, प्रद्युम्न, साम्ब, अनिरुद्ध, सत्यनेमी तथा दृढ नेमी प्रमुख कुमारों को कि जिनोंने हिरणादि (चांदी प्रमुख) का त्याग कर यावत् विभाग बांटकर अरिहंत अरिष्ट

सूत्र

परिभाएत्ता अरहतो अरिट्ठनेमीस्स अंतियंमुडे जाव पव्वइया॥ १ २॥अहणं अधणे अकयपुणे रज्जेय जाव अंतेउरिय माणुस्सएसुय कामभोगेसु मुच्छित्ते ४ नोसंचाएमी, अरहतो अरिट्ठनेमी जाव पव्वइत्तवे॥ १ ३॥ कण्हाति अरह अरिट्ठनेमी कण्हवासुदेवं एवं वयासी-सेणूणं कण्हे! तव अयं अज्झत्थिए जाव समुप्पणे-धन्नेते जाव पव्वइए सेणूणं कण्हा ! अट्ठेसमट्ठे ?हंता अत्थि॥ १ ४॥ तंनो खलु कण्हा एवं भूयंवा भवंता भविस्सइवा जणंवासुदेवा चइत्ताहिरणं जाव पव्वइसाति ॥ १ ५ ॥ से केणट्ठेणं भंते ! एवं वुच्चइ न एवं भूयं जाव पव्वइ-स्सई ? कण्हति अरहा अरिट्ठनेमी कण्हवासुदेवं एवं वयासी—एवं खलु कण्हा!

अर्थ

नेमीनाथ भगवान के पास दीक्षा धारन की ॥१२॥ मैं अधयन्य हूं अकृत अपुण्य हूं यावत् अन्तपुर में मनुष्य सम्बन्धी काम भोग में मूर्च्छित हो रहा हुं, यावत् गृद्ध बनाहु इस से अर्हन्त अरिष्ट नेमीनाथ भगवान के पास यावत् दीक्षालेने समर्थ नहीं हूं॥ १३ ॥ कृष्ण ! अर्हन्त अरिष्ट नेमीनाथ भगवान कृष्ण वासुदेव से ऐसा बोले—हे कृष्ण ! तेरे को इस प्रकार अध्यवसाय यावत् उत्पन्न हुवे धन्य है जाली आदि कुमार को यावत् जिनोंने दीक्षा धारन की ? कृष्ण बोले—हां भगवान ! सत्य है, ऐसा विचार मुझ हुवा ॥ १४ ॥ हे कृष्ण ! निश्चय ऐसा हुवा नहीं होता, भी नहीं, और होवेगा भी नहीं कि कभी वासुदेव हिरन्यादि का त्यागकर दीक्षा ग्रहण करे ॥ १५ ॥ अहो भगवान ! वह किस लिये ऐसा कहा कि ऐसा न हुवा

सूत्र

सव्वेवियणं वासुदेवा पुव्वभवे नियाणकडा से तेणं अट्ठेणं कण्हा एवं वुच्चइ एवं नएवंभूयं जाव पव्वइस्सति ॥ १६ ॥ तत्तेणं कण्हवासुदेवं अरहं अरिट्ठनेमी एवं वयासी—अहणं भंते ! इओ कालमासे कालंकिच्चा कहिं उववज्जिस्सामि ? ॥ १७ ॥ ततेणं अरहा अरिट्ठनेमी कण्हवासुदेवं एवं वयासी—एवं खलु कण्ह ! तुमं बारवतिए णयरिए सुरिग्गी दीवायणे कोविनिट्ठाए अम्मापियरो णियग्गावि पहुणे रामेणं बलदेवेणं सद्धिं दाहिणे वेयोलियमिमूहे जुंहिट्ठिल पामोक्खाण पंचण्हं पंडवाणं

अर्थ

नहोता है और नहोवेगा कि वासुदेव दीक्षाले ? ॥ कृष्णदि ! अरहन्त अरिष्ट नेमीनाथ कृष्ण वासुदेव से ऐसा बोले—यों निश्चय हे कृष्ण ! सब ही वासुदेव पूर्व भव में नियाणा करते हैं, उस लिये हे कृष्ण ! ऐसा कहाकि—वासुदेव नतो दीक्षाली है नेलेत हैं और नलेसवेगे ॥ १६ ॥ तब कृष्ण वासुदेव अर्हन्त अरिष्ट नेमीनाथसे ऐसा कहा अहो भगवान ! मैं यहांसे कालके अवसर काल करके कहां जावूंगा ? ॥ १७ ॥ तब अर्हन्त अरिष्टनेमीनाथ कृष्णवासुदेव से ऐसा बोले यों निश्चय है कृष्ण? तुम द्वारका नगरी अग्निकुमार देवता दीपायन के जीवसे प्रज्वलित होने से मातपिताको लेकरजाते उन का मृत्यु हुवे रामबलदेव के साथ दक्षिण दिशा समुद्र की वेल आवे उधर युधिष्टर प्रमुख पांच पंडवों पांडुराजा के पुत्रों के पास पांडुमथुरा को जाते रास्ते में कोसंबीवन में निग्रोध (बड) के वृक्ष के नीचे पृथ्वीसिला पटपर पितांबर से अच्छादित

सूत्र

पंडूराय पुत्ताणं पासं पंडूमहुरं सपात्थिते कोसंबकाणेणं नगोहवरपायस्सअहे पुढवि सिलापट्टए पियएवछाईयसरीरे जराकुमारे तिक्खणंकोडंडविप्पमुक्केणं उसूणा वामेपादे विद्धंसमाणे कालमासेकालंकिच्चा तच्चाए वालुप्पभाए पुढवीए उज्जलिए नरए-त्ताए उववज्जिहिसि ॥ १८ ॥ तएणं से कण्हवासुदेवे अरहा अरिट्ठनेमी अंतिए एयमट्ठं सोच्चा निसम्म ओहयं जाव झियाइं ॥ १९ ॥ कण्ह ! अरहा अरिट्ठनेमी कण्हेवासुदेवेणं एवं वयासी माणं तुम्ह देवाणुप्पिया ! उहया जाव झियाहि । एवं खलु तुम्हं देवाणुप्पिया ! तच्चाओ पुढविओ उज्जलित्तए नरयाओ अणंतरं उवट्टित्ता

अर्थ

शरीर से जराकुमार के तीक्षण धनुष्य से बाण मुक्त किये वह बाण दांयें पांवको विन्धनेसे काल के अवसर काल करके तीसरी वालुप्रभा पृथ्वी में उज्वल वेदना में नरक में नेरीयेपने उत्पन्न होवोगे ॥ १८ ॥ तब कृष्ण वासुदेव अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ भगवान के मुख से उक्त अर्थ श्रवण कर अवधारकर चिन्ता ग्रस्त बनें यावत् आर्तध्यान ध्याने लगे ॥ १९ ॥ कृष्ण ! अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ कृष्ण वासुदेव से यों कहने लगे—हे देवानुप्रिय ! तुम चिन्ता मत करो, यावत् आर्तध्यान मत ध्यावो. यों निश्चय तुम हे देवानुप्रिय ! तीसरी नरक की उज्वल वेदना भोगवकर तीसरी नरक से निकल कर अन्तर रहित

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

इहेव जंबुद्दीवे २ भारहेवासे आगमिस्साए उस्सप्पिणीए पुंडेसु जणवएसु सयदुवारे णयरे बारसमो अममोनामं अरहा भविस्सइ, तस्थणं तुम्हं बहुइं वासाइं केवल परियागं पाउणित्ता सिज्झिहिस्सि॥ २०॥ तत्तेणं कण्हवासुदेवे अरहतो अरिट्ठनेमी अंतिएतो एयमट्ठं सोच्चा निसम्म हठतुट्ठे अप्फोडति २ बगाइ २ त्ता, तिवंछदंति २ त्तासीहणायं करेइ, अरहं अरिठ नेमी वंदित्तं नमंसित्ता तामेव अभिसेकं हत्थि रयणं दुरुहइ २ त्ता जेणेव बारवतिएणयरिए जेणेव जाव सएगिहे तेणेव उवागच्छइ २ त्ता तामेव अभिसेकं हत्थि राणयओ पच्चोरुहइ

अर्थ

इस ही जम्बूद्वीप के भरत क्षेत्र में, आगमिक उत्सर्पिणी काल में पांडुदेस में शतद्वारा [सो द्वारवाली] नगर में बारवे आमम नाम के अरिहंत होवेगे, तहां तुम बहुत वर्ष केवल पर्याय का पालनकर यावत् सिद्ध होवेंगे ॥ २० ॥ तब कृष्ण वासुदेव अर्हन्त अरिष्ट नेमीनाथ भगवंत के पास उक्त अर्थ श्रवनकर अवधारकर हृष्ट तुष्ट हुवे साथल से हाथ स्फोट किया, स्फोटकर हर्षमय शब्दोचारकिया, शब्दो चार कर, उस तिव्र दुःख का छेदन किया, छेदन कर सिंह नाद किया अरिहंत नेमीनाथ को वंदना नमस्कार कर उस ही अभिशेष हस्ति रत्न पर स्वार हुवे, स्वार होकर जहां द्वारका नगरी, जहां स्वयंका घर था, तहां आये, आकर अभिषेक हस्ति रत्न से नीचे उतरे, उतर कर जहां बाहिर की उपस्थानशाला, राज-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

२ त्ता जेणेव बाहिरिया उवट्ठाणसाला जेणेव सिंहासणे तेणेव उवागच्छइ २त्ता सीहासणंवरंसि पुरत्थाभिमूहे निसीयइ २ त्ता कोडुंबिय पुरिसे सद्दावेइ २ त्ता एवं वयासी-गच्छहणं तुमे देवाणुप्पिया ! वारवतिए नयरिए सिंघाडग जाव घोसेमाणे एवंवदह—एवं खलु देवाणुप्पिय ! वारवत्तिणयरिए नवजोयण जाव देवलोगभूयाए सुरग्गि दीवायण मूलाए विणासे भविस्सति, तं जेणं देवाणुप्पिया! इच्छंति वारवातिय णयरीए रायाव ईसरे माडंविए कोडंबिय इब्भसेट्ठींवा सेणावइवा देविवा कुमारोवा अरहतो अरिट्ठनेमिस्स अंतिए मुंडे जाव पव्वइए, तत्तेणं कण्हे वासुदेवे विसज्जते ! पच्छा तुरस्स

अर्थ

सभा थी तहां आये, आकर सिंहासन पर पूर्वाभिमुख बैठे, बैठकर कौटुम्बिक पुरुष को बोलाया, बोलाकर यों कहने लगे—जावो तुम हे देवानुप्रिया ! द्वारका नगरी में त्रीवट चौवट यावत् उद्घोषनाकरते हुवे ऐसा कहो—यों निश्चय हे देवानुप्रियाओं ! द्वारका नगरी नव योजन की चौडी यावत् प्रत्यक्ष देवलोक जैसी अग्निकुमार देवता दीपायन का जीव उस के योग्य से विनाश होवेगा, इस लिये जिस की इच्छा होवे द्वारका नगरी के रहीस राजा ईश्वर माडंबिक कुटुम्बिक ईभपति शेठ सेनापति राणीयों कुमरों आदि वे अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ भगवान के पास मुण्डित हो दीक्षा ग्रहणकरो, उन को कृष्णवासुदेव आज्ञा देता है

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

त्रियस्से अहपज्जिति अणुजाइहत्ताए, महत्ताइड्डी सक्कार समुदएणं तीसेनिक्खमणं करेइ, दोच्चंपि तच्चंपि घोसेणं घोसेह, ममं एयमाणत्तियं पच्चप्पिणह ॥ २१ ॥ तत्तेणं कोडुंबिय जाव पच्चप्पिणंति ॥ २२ ॥ तत्तेणं पउमावइं अरहंतो अंतिए धम्मंसोच्चा निसम्महट्ठा जाव हियया, अरहं अरिट्ठ नेमीवंदति णमंसति एवं वयासी-सद्दाभिणं भंते! निग्गंथे पावयणे, से जहेय तुब्भेवदह, जं णवरं देवाणुप्पिया! कण्हवासुदेवस्स

अर्थ

उन का पीछे जो कुटुम्ब रहेगा उस की चिन्ता उस का निर्वाह कृष्ण करेगा और दीक्षा ग्रहण करनेवाले का दीक्षा उत्सव महा ऋद्धि सत्कार समुदाय करके करेगा, इस प्रकार दो वक्त तीन वक्त उदघोषना करो, उद्घोषना कर यह मेरी आज्ञा पीछी मेरे सुपरत करो ॥ २१ ॥ तब कुटुम्बिक पुरुषने उस ही प्रकार उद्घोषना की, करके कृष्ण वासुदेव को आज्ञा पीछी सुपरत की ॥ २२ ॥ तब पद्मावती देवी अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ भगवान के पास धर्म श्रवण करके अवधाकर हर्षसन्तोषपाइ यावत् हृदय में विकसायमान हुई, अर्हन्त अरिष्ट नेमीनाथ भगवंत को वंदना नमस्कार कर यों कहने लगी—अहो भगवान ! मेने श्रद्धे हैं निग्रन्थ के प्रवचन जिस प्रकार आपने कहे वे सब सत्य हैं, विशेष इतना ही है कि अहो देवानुप्रिया ! मैं कृष्णवासुदेवको पूछकर देवानुप्रिय के पास मुण्डित होवूंगी-दीक्षा धारन करूंगी॥ भगवंतने कहा हे देवानुप्रिया!

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

अपुच्छामि तत्तेणं अहं देवाणुप्पियाणं अंतिए मुंडे जाव पव्वयामी ॥ अहा सुहं॥ २३॥ तत्तेणं सा पउमावइदेवी धम्मियं जाणपवरं दुरुहइ २ त्ता जेणेव बारवतिणयरिए जेणेव सएगिहे तेणेव उवागच्छइ २ त्ता धम्मियातो जाणप्पवरातो पच्चरुहइ, जेणेव कण्हवासुदेव तेणेव उवागच्छइ २ त्ता करयलकट्टु कण्हवासुदेवे एवं वयासी-इच्छामिणं देवाणुप्पिए ! तुब्भेहि अब्भणु णायासमाणा अरहतो अरिठनेमीस्स अंतिए मुंडे जाव पव्वयाइं ॥ आहासुहं ॥ २४ ॥ तत्तेणं से कण्हवासुदेवे कोडुंबिय पुरिसे सद्दावेइ २ त्ता एवं वयासी-खिप्पामेव भो देवाणुप्पिए ! पउमावइए महत्थ ३

अर्थ

सुख होवे सो करो. ॥ २३ ॥ तब पद्मावती देवी धार्मिक रथ पर स्वार होकर जहां द्वारका नगरी थी जहां स्वयं का घर था तहां आई, तहां आकर धार्मिक रथ से नीचे उतरी, नीचे उतर कर, जहां कृष्ण वासुदेव थे. तहां आई, आकर हाथ जोडकर कृष्ण वासुदेव से ऐसा बोली—अहो देवानुप्रिय ! आपकी आज्ञा हो तो मैं अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ के पास मुण्डित हो दीक्षा धारन करूं ? तब कृष्ण वासुदेवने कहा—जैसे सुख हो वैसा करो ॥ २४ ॥ तब कृष्ण वासुदेव कौटुम्बिक पुरुष को बोलाया, बोलाकर कहने लगे—हे देवानुप्रिय ! शाघ्रतासे पद्मावती देवीका महा अर्थवाला बहुमूल्य बहुत खरचवाला दीक्षा अभिषेक उपस्थापो, यह मेरी आज्ञा पीछी मेरे सुपरत करो. कौटुम्बिक पुरुषने वैसा ही काम करके

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

निखंममाणे भिसेयं उवट्ठवेहि ॥ एवमाणत्तीयं जाव पच्चप्पिणंति ॥ २५ ॥ तत्तेणं कण्हवासुदेवे पउमावइदेवी पट्टयंसि दुरुहइ २ त्ता अट्ठसयएणं सोवनकलसं जाव निक्खमणाभिसेएणं अभिसंचइ २ त्ता सव्वालंकार विभूसियं करेइ २ त्ता पुरिस्सं सहस्स वाहणी सिवियां दुरुहइ २ त्ता बारवतिणयरिए मज्झंमज्झेणं निगच्छइ २ त्ता जेणेव रेवएपव्वए जेणेव सहसंबवणे उज्जाणे तेणेव उवागच्छइ २ त्ता सिवियं ट्ठवेइत्ति पउमावइदेवी सिवातो पच्चोरुहइ २ त्ता जेणेव अरहा अरिट्ठनेमी तेणेव उवागच्छइ २ त्ता अरहं अरिट्ठनेमी तिक्खुत्तो आयाहीणं पयाहीणं वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासी-एसिणं भंते ! मम अग्गमहिसिस पउमावइ नामं देवी मम इट्ठा कंता पिया-

आज्ञा पीछी सुपरत की ॥ २५ ॥ तब कृष्ण वासुदेवने पद्मावती देवी को पाटपर बैठाई, बैठाकर एक सो आठ सोने के कलश यावत् निक्षमन अभिशेष से सींचन की, सर्व अलंकारों से विभूषित की, विभूषितकर हजार पुरुष उठावे ऐसी शिवका में बैठाइ, द्वारका नगरी के मध्य २ में होकर जहां रेवती पर्वत जहां सहस्त्रम्ब उद्यान था तहां आये, आकर शिविका स्थापन की, पद्मावती शिविका से नीचे उतरी। फिर कृष्ण वासुदेव उसे आगेकर जहां अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ थे तहां आये, आकर अरिहंत अरिष्ट नेमीनाथ को तीन वक्त वंदना नमस्कार किया वंदना नमस्कार कर यों कहने लगे—अहो भगवान! यह मेरी अग्रमहेषी पद्मावती नामकी देवी

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

मणुणा मणाभीरामा जाव किंमग्गपुण पासणयाए, तेणं अहं देवाणुप्पिया ! सिस्स णिभिक्खं दलयति, पडिछणं देवाणुप्पिया ! सिस्सणिभिक्खं ॥ अहासुहं ॥ २६ ॥ तत्तेणं सा पउमावइ उत्तर पुरच्छिमे दिसिभागे अवकमंवि, सयमेव आभरणालंकारं उमूयइ २ त्ता सयमेव पंचमुठियं लोयं करेइ २ त्ता जेणेव अरहा अरिट्ठनेमी तेणेव उवागए, अरहं अरिट्ठनेमी वंदइ नमंसइ वंदित्ता नमंसित्ता एवं वयासीआ-लित्तेणं भंते ! जाव धम्ममातिक्खयं ॥ २७ ॥ तत्तेणं अरहा अरिट्ठनेमी पउमावइदेविं

अर्थ

मुझे इष्टकारी, प्रियकारी, मनोज्ञ, मन को अभीराम, यावत् क्या फिर कहां से देखसके ? इस में अहो देवानुप्रिया ! आप को शिष्यनी रूप भिक्षा देताहुं आप इस शिष्यनी रूपभिक्षा को ग्रहणकरो. भगवान के कहा—जैसे सुख उत्पन्न होवे वैसे करो ॥ २६ ॥ तब पद्मावतीदेवी उत्तर पूर्वदिशा के मध्य ईशान कौन में गइ, सर्व अलंकार अपने हाथ सेही उतारे, स्वयं अपने हाथ सेही पंचमुष्टिलोच किया, लोचकर अर्हन्त अरिष्ट नेमीनाथ थे तहां आइ, तहां आकर अर्हन्त अरिष्टनेमीनाथ को वंदना नमस्कार किया, वंदना नमस्कार कर यों कहने लगी—यों निश्चय हे देवानुप्रिया ! इस संसार में अलीते पलीते लगे हैं, इस से मैं आप के शरण आतीहुं आप ही मुझे दीक्षा दो यावत् धर्म सुनाओ ॥ २७ ॥ तब अर्हन्त अरिष्ट नेमीनाथ

सूत्र

सयमेव पव्वएइ २ त्ता सयमेव मुडावेति २ त्ता सयमेव जक्खणीए अज्जाए सिस्सिणिताए दलयंति ॥ २८ ॥ तत्तेणं सा जक्खणिअज्जा पउमावइदेविं सयमेव पव्वावेइ २ जाव संयमियव्वं ॥ २९ ॥ तत्तेणं सा पउमावइ अज्जा जाया इरिआसमिए जाव बंभगुत्त-यारिणी ॥ ३० ॥ तत्तेणं सा पउमावईअज्जा, यक्खणीए अज्जाते अंतिए सामाइयाइं एक्कारस्स अंगाइं अहिज्जइ २ त्ता बहुइं चउत्थ छट्ठट्ठम विविहं तवोकम्मं अप्पाणं भावेमाणे विहरइ ॥ ३१ ॥ तएणंसा पउभावइं अज्जा बहुंपडिपुण्णाइ वीसंवासाइ सामणं परियाइं पाउणित्ति, मासियाए सल्लेहणाइ अप्पाणं झुसेइ २ त्ता सट्ठिभत्ताइं अणस-

अर्थ

पद्मावती देवी को स्वमेव दीक्षादी, स्वयमेव (मन) मुण्डित की, अथवा रज्जोहरणादि उमकरण दिया, स्वयंमेव यक्षनी नाम की बडी आर्जिका की शिष्पनी पने दी ॥ २८ ॥ तब वह यक्षनी आर्जिका पद्मावती देवी को स्वयंमेव प्रवर्जित की—हित शिक्षादी यावत् संयमकर इन्द्रियों का निर्जय करना ऐसा कहा ॥ २९ ॥ तब वह पद्मावती आर्जिका इर्यासमिति युक्त यावत गुप्त ब्रह्मचर्यनी बनी ॥ ३० ॥ तब वह पद्मावती आर्जिका यक्षनी आर्जिकाके पास सामायिक आदि इग्यारे अंग पढी, पढकर बहुत उपवास बेले तेले आदि अनेक प्रकारके तप कर्म कर अपनी आत्मा को भावती हुइ विचरने लगी ॥ ३१ ॥ तब वह पद्मावती आर्जिका बहुत प्रतिपूर्ण बीस वर्ष पर्यन्त साधु की पर्याय का पालन किया, एक महीने की सलेषना की, पाप आत्मा को

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूत्र

णाए छेदेति, जस्सट्ठाए करेति नग्गभावे मुंडेभावे जाव तंमट्ठं आराहेइ, चरिमुस्सा सेहे सिद्धा ॥ २८ ॥ पंचमवग्गस्स पढमंज्झयणं सम्मत्तं ॥ ५ ॥ १ ॥ +

तेणं कालेणं तेणं समएणं बारवतिए णयरीए रिवयपव्वए णंदणवणे उज्जाणे,॥ १ ॥तत्थणं बारवतिए कण्हवासुदेवेराया ॥ तत्थणं कण्हवासुदेवस्स गोरीदेवी वण्णओ ॥ २ ॥ अरहा अरिट्ठणेमी समोसड्ढे, ॥३॥ कण्हे णिग्गए, गोरी जहा पउमावइ, तहा णिग्गया, धम्मकहा परिस्सा पडिगया ॥ कण्हवि ॥ ३ ॥ तत्तेणं सागोरी जहा पउमावई तहा णिक्खत्ता जाव सिद्धा ॥ ३ ॥ बित्तिय अज्झयणं सम्मत्तं ॥ २ ॥ २ ॥ +

एवं गंधारी, एवं लक्खणा, एवं सुसीमा, एवं जंबवति, सच्चभामा, रुप्पिणी, एवं

अर्थ

